प्रादेशिक समाचार
17.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने आज नामांकन किया दाखिल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–सभी दल मिलकर चुनाव में जीत करेंगे सुनिश्चित।
2. भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने भी घाटशिला उपचुनाव के लिए नामांकन किया दाखिल, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा– आदिवासी अस्तित्व की रक्षा होगा चुनाव का मुख्य मुद्दा।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बिहार चुनाव को देखते हुए झारखंड की प्रवर्तन एजेंसियों के साथ की समन्वय बैठक, सीमावर्ती जिलों में नकदी, शराब और ड्रग्स की अवैध आवाजाही रोकने के दिए निर्देश।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चतरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, टीएसपीसी के दो एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण, भारी मात्रा में हथियार बरामद।
5. खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रांची में आयोजित होने वाली चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का लोगो, मस्कट और एंथम किया लॉन्च।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो और महागठबंधन के उम्मीदवार सोमेश सोरेन ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। गौरतलब है कि सोमेश सोरेन दिवंगत मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी मौजूद रहे और उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महागठबंधन के सभी दल मिलकर चुनाव में जीत सुनिश्चित करेंगे।

****

इधर भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने भी आज घाटशिला विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी मौजूद रहे। मौके पर चंपई सोरेन ने कहा कि आदिवासी का अस्तित्व खतरे में है और इस चुनाव में यही मुख्य मुद्दा होगा।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड की सभी प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में मिरर चेकपोस्ट सक्रिय रखने और नकदी, शराब, ड्रग्स एवं अन्य प्रलोभनों की अवैध आवाजाही रोकने पर जोर दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब भट्ठियों और चुनावी प्रलोभन हेतु संदिग्ध सामग्रियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। बैठक में पुलिस, वाणिज्य, मद्य निषेध, वन और नारकोटिक्स विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

****

बिहार विधानसभा चुनाव में शांति और सुरक्षा के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में कड़ी नजर रखने को लेकर गोड्डा के मोतिया थाना क्षेत्र में दो राज्यों के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने वन भूमि घोटाले में गिरफ्तार ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के पास आरोपित के खिलाफ प्रथम दृष्टया ठोस सबूत मौजूद हैं। विनय सिंह को 26 सितंबर को हजारीबाग में वन भूमि अवैध खरीद–बिक्री मामले में गिरफ्तार किया गया था और इसी केस में बाद में दूसरे आरोपित विजय सिंह को भी गिरफ्तार किया गया।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में चतरा पुलिस को एक और सफलता मिली है। टीएसपीसी संगठन के दो कुख्यात एरिया कमांडर कुलदीप गंझू और रोहनी गंझू ने हथियारों सहित पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। दोनों नक्सली 26 से अधिक गंभीर मामलों में वांछित थे और उन्होंने पुलिस को एसएलआर, सेमी राइफल और सैकड़ों राउंड जिंदा गोलियों का जखीरा सौंपा। बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि चतरा जिला अब शांति और विकास की ओर अग्रसर है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। यह उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ है। इस कड़ी में आज एक नज़र असम की अर्थव्यवस्था पर जीएसटी सुधारों के कारण।

****

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 24 से 26 अक्टूबर तक चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में भारत सहित छह एशियाई देशों के लगभग 300 एथलीट और 150 तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज रांची में चैंपियनशिप का लोगो, मस्कट और एंथम लॉन्च करते हुए कहा कि यह झारखंड के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य दक्षिण एशिया के सभी खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

****

रांची में आयोजित होने वाली सैफ एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चाईबासा की अंतरराष्ट्रीय एथलीट बसंती कुमारी को 10,000 मीटर महिला दौड़ के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उनकी इस उपलब्धि पर राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, सचिव मनोज कुमार और झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी।

****

तेलंगना में आयोजित 5वीं इंडियन ओपन अंडर 23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हजारीबाग के सदानंद कुमार ने 100 मीटर रेस में और बोकारो के रौशन कुमार ने 20 किलोमीटर रेस वॉक में रजत पदक जीते।

********समाप्त*********